भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
06.04.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 5614 का उत्तर

प्लेटफॉर्मों का विस्तार

5614. डॉ. सुकान्त मजूमदार:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे का पश्चिम बंगाल में बुनियादपुर सहित देश में राज्य-वार, विभिन्न स्टेशनों पर, ढके हुए शेड की आवश्यकता वाले प्लेटफार्मों को पहचानने, उनका विस्तार करने तथा निर्माण करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार का पश्चिम बंगाल में स्थित विभिन्न रेलवे स्टेशनो पर प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस संबंध में पश्चिम बंगाल से कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और उन पर क्या कार्रवाई की गई है;

(घ) देश में रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफार्मों की संख्या निर्धारित करने के लिए क्या मानदंड हैं;

(ङ) क्या सरकार ने बालुरघाट रेलवे स्टेशन के विकास के लिए किसी योजना/परियोजना को मंजूरी दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस परियोजना हेतु कितना बजट आबंटित किया गया है; और

(च) विगत तीन वर्षों के दौरान बालुरघाट रेलवे स्टेशन पर सुविधा प्रदान करने के लिए किया गया कुल बजटीय आवंटन और उपयोग की गई कुल धनराशि कितनी है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

s.k

प्लेटफॉर्मों का विस्तार के संबंध में 06.04.2022 को लोक सभा में डॉ. सुकान्त मजूमदार के अतारांकित प्रश्न सं. 5614 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): भारतीय रेल यातायात की मात्रा में वृद्धि और अन्य विभिन्न संगत कारकों को ध्यान में रखते हुए प्लेटफॉर्म के विस्तार के साथ-साथ अतिरिक्त प्लेटफॉर्म की आवश्यकता की समीक्षा करती है। बुनियादपुर रेलवे स्टेशन पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के तहत अनुपनगरीय ग्रेड-5 कोटि का रेलवे स्टेशन है। बुनियादपुर रेलवे स्टेशन पर 56 वर्ग मीटर की प्लेटफॉर्म शेड के साथ एक उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म उपलब्ध है।

(ख): जी हां। पश्चिम बंगाल राज्य में, 105 अदद स्टेशनों प्लेटफॉर्म की उंचाई बढ़ाने संबंधी स्वीकृत कार्यो में से, 94 अदद स्टेशनों के कार्य पूरे कर लिए गए हैं।

(ग): अतिरिक्त प्लेटफॉर्म के विस्तार और निर्माण हेतु विभिन्न हितधारकों से अनुरोध प्राप्त होते हैं और यातायात की मात्रा में वृद्धि तथा विभिन्न संबंधित कारकों के आधार पर रेलवे द्वारा कार्रवाई की जाती है। राज्य सरकारों से प्रस्तावों की सूची नहीं रखी जाती है।

(घ): स्टेशनों पर मुहैया कराए जाने वाले प्लेटफॉर्मों की संख्या यातायात रेलगाड़ियों की मात्रा और तकनीकी व्यवहार्यता पर निर्भर करती है।

(ङ) और (च): स्टेशनों के विकास और अनुरक्षण के लिए आबंटन और व्यय संबंधी ब्यौरे रेलवे-वार, राज्य-वार या स्टेशन-वार नहीं रखे जाते हैं, बल्कि क्षेत्रीय रेल-वार रखे जाते है। यात्री सुविधाओं को सामान्यतः योजना शीर्ष-53 'यात्री सुविधाएं' के तहत वित्तपोषित किया जाता है। बलुरघाट रेलवे स्टेशन पूर्वोत्तर सीमा रेलवे स्टेशन के अंतर्गत आता है। पिछले तीन वर्षो और चालू वर्षों के दौरान योजना शीर्ष-53 'यात्री सुविधाएं' के तहत पूर्वोत्तर सीमा रेलवे को आबंटित निधि और उपगत व्यय के विवरण निम्नानुसार हैः-

(करोड़ रु. में)

क्षेत्रीय रेल	2018-19		2019-20		2020-21		2021-22	
	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय (फरवरी, 2022 तक)
पूर्वोत्तर सीमा	95.54	78.06	107.24	100.27	106.12	104.07	165.60	79.70

*****

s.k